Dainik Navjoyti - Udaipur editions - 25.08.2017

BTTL

# भीलवाड़ा टेक्नीकल टेक्सटाईल्स लिमिटेड


**सीआईएनः L18101RJ2007PLC025502**

**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा-327001, राजस्थान

फोनः 02961-231251-52, 02962 – 302400 फैक्सः 02961-231254

**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.)

फोनः 0120-4390300 (EPABX) फैक्सः 0120-4277841; ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in


## सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की 10वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर, 2017 को 10:30 बजे पूर्वाह्न 10वीं एजीएम की सूचना में विदित सामान्य एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय, एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान में आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 की वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को जिनका ई-मेल पता कम्पनी अथवा डिपोज़िटरी पार्टिसिपेंट(ओं) के साथ पंजीकृत है, भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 की वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति सभी अन्य सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत माध्यम से भेजी जा चुकी हैं। कथित सूचना का प्रेषण, इलेक्ट्रॉनिक तथा भौतिक दोनों माध्यम से, 24 अगस्त, 2017 को पूर्ण कर लिया गया है। एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in** एवं एनएसडीएल की वेबसाइट **https://www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है और अवतरित की जा सकती है। वे सदस्य जिन्हें सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, वे उपरोक्त वेबसाइट से अवतरित कर सकते हैं अथवा इसकी प्रति हेतु कम्पनी से अनुरोध कर सकते हैं।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर हस्तान्तरण पुस्तकें शुक्रवार, 15 सितम्बर, 2017 से बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर, 2017, (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बन्द रहेंगी।

कम्पनी हर्ष के साथ यह भी सूचित करती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबधन एवं संचालन) नियम, 2014 के नियम 20, जो कि कम्पनी (प्रबधन एवं संचालन) संशोधित नियम, 2015 के द्वारा प्रतिस्थापित है एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 44 के अनुपालन में सदस्यों को सूचना में निहित सभी प्रस्तावों पर, नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक तौर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 18 सितम्बर, 2017 को प्रातः 9:00 बजे आरम्भ होगी तथा बुधवार, 20 सितम्बर, 2017 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल बुधवार, 20 सितम्बर, 2017 को संध्या 5:00 बजे के पश्चात् निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उसके पश्चात् ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा वोटिंग हेतु निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

अंशधारक द्वारा एक प्रस्ताव पर मतदान करने के पश्चात् अंशधारक को उन्हें बदलने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के पश्चात् परन्तु कट ऑफ तिथि अर्थात् 14 सितम्बर 2017 के पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह बीटल फाइनैंनसियल एवं कम्प्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके ई-मेल पतेः **beetalrta@gmail.com** अथवा **spgupta123@gmail.com** अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर ई-मेल भेज सकते है। वे सदस्य जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान नहीं कर रहे हों, वे वार्षिक साधारण बैठक में मतपत्र द्वारा मतदान कर सकते हैं। वे सदस्य जिन्होंने बैठक के पूर्व रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान कर लिया हो वे भी बैठक में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु उन्हें पुनः मतदान का अधिकार नहीं होगा।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉज़िटरीज़ द्वारा अनुरक्षित लाभ भोगी स्वामियों के रजिस्टर में 'कट-ऑफ' तिथि अर्थात् 14 सितम्बर 2017 को दर्ज हो मात्र वे रिमोट ई-वोटिंग सुविधा अथवा वार्षिक साधारण बैठक में मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु अधिकृत होंगें। रिमोट ई–वोटिंग की प्रक्रिया सूचना मे भी उल्लेखित है। ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न हेतु **www.evoting.nsdl.com** पर सदस्यों हेतु उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) एवं अंशधारकों हेतु ई-वोटिंग युजर मैनुअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा टॉल फ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते है एवं श्री भवेन्द्र झा, वरिष्ठ प्रबधक, बीटल फाइनैंनसियल एवं कम्प्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से फोनः 011-29961281-283 अथवा ई-मेल **beetalrta@gmail.com** अथवा**spgupta123@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

निदेशक मंडल ने श्रीमती मनीषा गुप्ता, संव्यवसायिक कम्पनी सचिव (सदस्यता संख्या F6378) को एक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की जाँच हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

बोर्ड के आदेश से

कृते **भीलवाड़ा टेक्नीकल टेक्सटाईल्स लिमिटेड**

**राहुल हाण्डा**

कम्पनी सचिव

ACS - 29373

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)

दिनांक : 24 अगस्त, 2017